**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 23.04.2025 (दोपहर–1310 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की झारखंड के नेताओं ने की निंदा, राज्यपाल ने कहा– आतंकवाद के खिलाफ केन्द्र सरकार उठायेगी सख्त कदम।**
2. **पोषण ट्रैकर एप्लीकेशन को उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार मिलने पर केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने जतायी प्रसन्नता, कहा–10 करोड़ लाभार्थियों और 14 लाख आंगनबाड़ी केंद्रों तक बनी पहुंच।**
3. **रिम्स निदेशक को हटाये जाने के मामले में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आरोप–प्रत्यारोप का दौर जारी, भाजपा ने की सीबीआई जांच की मांग, कांग्रेस ने कहा–विपक्ष कर रहा अनर्गल बयानबाजी।**
4. **केन्द्र ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को अत्यधिक हीटवेव की परिस्थितियों से श्रमिकों और मजदूरों की सुरक्षा के लिए तत्काल कदम उठाने की दी सलाह, काम के घंटों को पुनर्निर्धारित करने के निर्देश।**
5. **विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में राजभवन में आयोजित हुआ विशेष कार्यक्रम, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने पृथ्वी के संरक्षण के लिए सामूहिक क्रियाशीलता पर दिया बल।**

**समाचार विस्तार से**

*******************

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले की राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत झारखंड के कई नेताओं ने कड़ी निंदा की है। राजभवन में पत्रकारों से बातचीत में राज्यपाल ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद है कि केन्द्र सरकार आतंकवाद के खिलाफ कड़े कदम उठायेगी।

*******************

इस बीच भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने शोक जताया है। उन्होंने कहा है कि निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाना निंदनीय कृत्य है। केंद्र सरकार आतंकवाद के खिलाफ ज़ीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। इस कायराना हमले को अंजाम देने वाले किसी भी आतंकी को बख्शा नहीं जाएगा।

*******************

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान और आतंकवादियों को अपने एक्स हैंडल के माध्यम से धन्यवाद देने के आरोप में बोकारो से नौशाद नामक एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पूर्व विधायक बिरंची नारायण ने इस शख्स के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

*******************

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के पोषण ट्रैकर एप्लीकेशन को नवाचार श्रेणी के तहत लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार मिलने पर केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि इस एप्लीकेशन के माध्यम से सरकार 10 करोड़ लाभार्थियों और 14 लाख आंगनवाड़ी केंद्रों तक पहुंच रही है।

*******************

रिम्स निदेशक डा. राजकुमार को हटाये जाने के मामले में सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच आरोप–प्रत्यारोप का दौर जारी है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने पूरे मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की है।

भाजपा के इन आरोपों को कांग्रेस ने बेबुनियाद बताया है। पार्टी के रांची जिला अध्यक्ष कुमार राजा ने भाजपा को इस मामले पर राजनीति नहीं करने की सलाह दी है।

******************

केन्द्र सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को अत्यधिक हीटवेव की परिस्थितियों से श्रमिकों और मजदूरों की सुरक्षा के लिए तत्काल कदम उठाने की सलाह दी है। नई दिल्ली में संवाददताओं से बात करते हुए श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि काम के घंटों को पुनर्निर्धारित किया जाए ताकि चरम गर्मी के समय से बचा जा सके।

******************

विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में आज राजभवन में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चे भी शामिल हुए। इस मौके पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने पृथ्वी के संरक्षण के लिए सामूहिक क्रियाशीलता पर बल दिया।

******************

गिरिडीह जिले में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने की पहल तेज कर दी गयी है। इस सिलसिले में विद्युत कार्यपालक अभियंता मृणाल गौतम की अध्यक्षता में अधिकारियों और एजेंसी के प्रतिनिधियों की हुई बैठक में स्मार्ट मीटर लगाने पर चर्चा की गई। कार्यपालक अभियंता ने बताया कि स्मार्ट मीटर बिजली चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने में भी सहायक होगा।

******************

जामताड़ा जिले में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ने युवाओं और छोटे व्यवसाइयों के साथ ही किसानों के लिए भी रोजगार के नये द्वार खोल दिये हैं। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

******************

घरेलू शेयर बाजार के सेंसेक्स और निफ्टी आज बढ़त के साथ खुले। अब से कुछ देर पहले सेंसेक्स 410 अंक की बढ़त के साथ 80 हजार से ऊपर कारोबार कर रहा है। निफ्टी में भी बढ़त दर्ज की गई और यह 24 हजार 289 पर पहुंच गया। सकारात्मक वैश्विक संकेतों और अमेरिका–चीन व्यापार तनाव कम होने से भारतीय शेयर बाजार में लगातार सातवें दिन वृद्धि का रूख है।

******************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 91 हजार 400 रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख तीन हजार प्रति किलो है।

***************